>

Title: Need to bring back Indian medical students stranded in Phillipines.

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर): सभापति महोदय, पूरा विश्व इस समय कोरोना के कहर से जूझ रहा है, ऐसे में हमारे प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने कई सार्थक कदम उठाकर विदेशों में जो हिन्दुस्तानी रह रहे हैं, उनकी वतन वापसी से लेकर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं। फिलीपींस देश में 1500 भारतीय मेडिकल छात्र फंसे हुए हैं। वहां की सरकार ने उन्हें तीन दिन में हिन्दुस्तान जाने के लिए निर्देश दे दिए हैं, मगर 17 मार्च से भारत में फिलीपींस की सारी उड़ाने रद्द कर रखी हैं। अधिकतर स्टूडेंट्स फिलीपींस के मनीला शहर में हैं, जिसमें से 50 छात्र मेरे नागौर जिले के हैं, वहीं 200 से अधिक छात्र पूरे राजस्थान के हैं, इसलिए मैं सरकार से मांग करूंगा कि विशेष विमान चलाकर उन छात्रों को हिन्दुस्तान लाया जाए और वहां की सरकार उन्हें तब तक तंग नहीं करे। इसके लिए भी विदेश मंत्री जी और भारत सरकार वहां की सरकार से बात करें। कई छात्र वहां पर हवाई अड्डे पर ही फंसे हुए हैं। अगर समय रहते उन्हें वहां से नहीं निकाला गया तो वहां की सरकार उन्हें वहीं पर पाबंद कर देगी, इसलिए इस संवेदनशील मामले पर तत्काल प्रभाव से सरकार संज्ञान ले।